दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 124 मुरादाबाद 30 August 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## भूपेंद्र चौधरी ने प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली, सीएम योगी ने किया स्वागत



भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाल लिया। इससे पहले बीजेपी मुख्यालय में सीएम योगी ने खुद भूपेंद्र चौधरी का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में राजधानी लखनऊ भगवामय हो गई। सांसद अफजाल अंसारी पर बलवा केस में सुनवाई आज होगी। मोहम्मदाबाद कोतवाली में 21 साल पहले दर्ज केस में नामजद सांसद अफजाल अंसारी को सीजेएम कोर्ट ने हंगामे और बवाल का आरोपी मानने के बाद केस की सुनवाई शुरू कर दी। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी बृजेश सिंह उर्फ अरुण कुमार सिंह सोमवार को गाजीपुर में पेशी पर आएंगे। उसरी चट्टी कांड में सोमवार को 29 अगस्त को गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट में आरोपी ब्रजेश सिंह की पेशी होगी, इस मामले में हाईकोर्ट से जमानत पर रिहा बृजेश सिंह मुख्य आरोपी और मुख्तार अंसारी वादी हैं।अगले तीन-चार दिन गर्मी से राहत के आसार दिख रहे हैं। आज और कल तेज बारिश की संभावना है जो गर्मी से राहत देगी। आईएमडी ने गोरखपुर और संत कबीर नगर में भारी बारिश की संभावना के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, संत रविदास नगर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, महाराजगंज, बस्ती, कुशीनगर, देवरिया, सीतापुर, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, फैजाबाद, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, रायबरेली, फतेहपुर, बांदा, कौशांबी, चित्रकूट, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में येलो अलर्ट जारी किया है।बीजेपी के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को लखनऊ में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता मूल्यों के लिए काम करता है। भूपेंद्र सिंह ने आगे कहा, ‘मैं केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझें यूपी का महत्वपूर्ण काम मिला है। यह भाजपा की ताकत है कि मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को यहां तक पहुंचाया है। मैं जिला अध्यक्ष, क्षेत्र अध्यक्ष और अब प्रदेश अध्यक्ष हूं। जब मैं क्षेत्र अध्यक्ष था तभी तो लोग मेरे खिलाफ थे लेकिन मैं काम करता रहा और लोगों का आशीर्वाद मिलता गया। मेरी पार्टी ने मुझें बड़ा सम्मान दिया है।

सीएम योगी की तारीफ करते हुए भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा, योगी जी को 2017 में मौका मिला तो अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने लगा। वे लंबे समय तक तपस्या करने के बाद आज इस भूमिका में आए है। हमारी सरकार ने बिजली पर काम किया है। योगी जी लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनकर रिकार्ड बनाया। आज भाजपा की हर ओर सरकार है। दक्षिण से पूर्वोत्तर तक हमारी सरकार है। हमारा कार्यकर्ता असंतुष्ट नहीं है, हमारे तपस्वी पदाधिकारी हैं। सपा बसपा पर निशाना साधते हुए कहा भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा, क्या सपा बसपा में हैं तपस्वी नेता हैं? पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान हमारी विदेश नीति की तारीफ कर रहे हैं। आज जो केंद्रीय नेतृत्व ने अपेक्षा की उस पर खरा उतरूंगा। सबके साथ काम करेंगे, कार्यकर्ता के एजेंडे पर काम होगा, योगी जी के नेतृत्व में काम करेंगे। नगर निकाय और लोकसभा में शत प्रतिशत सीट जीतेंगे और आपकी ताकत से हम जीतेंगे।

## पाकिस्तान की बाढ़ से तबाही देखकर दुखी हूं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान में बाढ़ की हालत पर दुख जताया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के प्रति संवेदना जताते हुए जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होने की उम्मीद जताई। अपने ट्ववीट में पीएम मोदी ने लिखा कि पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुखी हूं। पीएम मोदी ने लिखा कि हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। साथ ही सामान्य स्थिति के शीघ्र ही बहाल होने की उम्मीद करते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान को बाढ़ के कारण भारी तबाही का सामना करना पड़ रहा है। देश में बाढ़ और वर्षाजनित कारणों से अब तक 1000 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी है। पाकिस्तान सरकार ने इस भीषण आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की अपील की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान के हवाले से कहा गया है कि रिकॉर्ड मॉनसून बारिश के कारण आयी बाढ़ से देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। रिपोर्टों में कहा गया है कि लगभग 10 लाख घर पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं हजारों लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है।

## अचानक इंटर कॉलेज में पहुंच गईं राज्यपाल, धूल-कबाड़ पर हुई नाराज; छात्रों को फोन कर पूछा-गैरहाजिर क्यों हैं आप?



राज्यपाल आंनदीबेन पटेल सोमवार को अचानक राजधानी के नेशनल इंटर कॉलेज पहुंच गईं। उन्?होंने लैब, क्लास रूम, शिक्षक स्टाफ रूम, स्टोर, सभागार सब देखा। इसके बाद छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। राजयपाल ने कुछ गैरहाजिर छात्रों को फोन मिलाकर स्कूल न आने का कारण पूछा। साथ ही कहा कि वे अपनी और अपने साथियों की उपस्थिति खुद रोज ब्लैक बोर्ड पर दर्ज करें। निरीक्षण के दौरान राज्?यपाल ने धूल और कबाड़ को लेकर अपनी नाराजगी भी जताई। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस दिन वे गैरहाजिर रहेंगे, उस दिन का पढ़ाया गया पाठ उनसे छूट जाएगा। छूटी हुई पाठ्य सामग्री उन्हें आसानी से उपलब्ध नहीं होगी। राज्?यपाल ने कक्षाओं में विद्यार्थियों से उनकी गतिविधियों, शिक्षा, पारिवारिक विषयों और स्कूल आने के साधनों की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा में पंजीकृत विद्यार्थियों और उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या को ब्लैक-बोर्ड पर लिखवाया और विद्यार्थियों से कहा कि वे रोज इसी तरह उपस्थित सहपाठियों की उपस्थिति बोर्ड पर लिखें। नेशनल इंटर कॉलेज पहुंची राज्यपाल शिक्षक की भूमिका में दिखीं। बच्चों से उनके पाठ्यक्रम, कोर्स के बारे में जानकारी ली। पारिवारिक स्थिति, घर से स्कूल पहुंचने के साधनों के बारे में पूछा। गैर हाजिर बच्चों को फोन लगाया। स्कूल न आने का कारण पूछा। वजह जानने के बाद स्कूल नियमित आने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित बच्चों से प्रयोगशाला में प्रैक्टिकल भी कराकर देखे। धूल, कबाड़ पर नाराजगी राज्यपाल ने स्टाफ रूम को भी देखा। सफाई बेहतर न होने पर नाराजगी जताई। सुझाव दिया कि स्टाफ रूम में एक-एड-बॉक्स रखा जाए। उन्होंने कला शिक्षिका से कार्य की जानकारी लेते हुए स्टाफ रूम में रखे कला-पटों, पेन्टिंग आदि को स्कूल की दीवारों पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। धूल से सनी बेंचों को देखकर नाराज हुईं। स्टोर रूम में कबाड़ को देखकर नाखुश दिखीं और निस्तारण का निर्देश दिया। लैब और संसाधनों को चेक किया। बच्चों से प्रैक्टिकल कराकर देखे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्रधानाचार्य रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय बालक एवं बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के द्वारा जिला स्तरीय बालक एवं बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भिनगा अजय आर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश एवं प्रधानाचार्य अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज ज्योति प्रकाश पांडे एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजकीय बालिका विद्यालय भावना तेवतिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 8 टीमों ए0टी0एस0 सिरसिया, यू0पी0एस0 गुलरा बंजारा, स्पोर्ट्स स्टेडियम, हरिहरपुररानी, यू0पी0एस0 पटना, अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज एवं महिला वर्ग में 8 टीमों स्पोर्ट्स स्टेडियम, यू0पी0एस0 पटना, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरिहरपुररानी, ए0टी0एस0 भयापुरवा, अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में उपविजेता टीम अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिंगा एवं विजेता स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम रही वही महिला वर्ग में उपविजेता टीम अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज एवं विजेता टीम स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती की टीम रही। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भिनगा एवं अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सुशील कुमार मिश्रा क्रीडा सचिव माध्यमिक शिक्षा संघ श्रावस्ती एवं आशीष कुमार शारीरिक शिक्षक अध्यापक अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिंगा एवं श्री जागेसर सैनी खो-खो कोच स्टेडियम ने इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद दिया और अग्रिम भविष्य में उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल समापन की घोषणा की। इस अवसर पर कादंबिनी सिंह प्रभारी प्रधानाध्यापिका आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भैया पुरवा, सुनीता देवी यादव प्रवक्ता हिंदी राजकीय बालिका विद्यालय भिंगा, जयप्रकाश नारायण त्रिपाठी प्रवक्ता श्री अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज, अशोक कुमार यादव खेल प्रशिक्षक बेसिक शिक्षा यूपीएस पटना, अनुष्का खेल प्रशिक्षक आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भैया पुरवा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-एकल विद्यालय अभियान की ओर से प्रतियोगिता काआयोजन किया गया,मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजयशंकर अवस्थी सोनू ने फीता काटकर शुभारंभ किया, एकल विद्यालय के द्वारा आज शहीद ऊधम सिंह इंटर कॉलेज रामपुर कलां में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,जिसमें मोहनपुर व गंगसरा एवं जोगराजपुर के बच्चों ने प्रतिभाग लिया जिसमें दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद कबड्डी कुश्ती आदि खेल का आयोजन हुआ,जिसमे लंबी कूद में पंकज कुमार ,अनुराग कुमार, ताशू, आयुष कुमार प्रथम विजेता घोषित किए गए, आशु,शिवानी ,राहुल, सुमित कुमार,शिवम कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ,अंकुल, सौम्या, श्रद्धा,प्रतिभा आशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सभी विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विजयशंकर अवस्थी सोनू , तरुण दीक्षित,एड0, प्रधान नवाजपुर वरुण गिरी शिवम राठौर , प्रमोद मिश्रा,कमलेश दीक्षित शहीद ऊधम सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक हरवेल सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंधू, उप प्रधनाचार्य विजयपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में धर्म गुरुओं के साथ बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में धर्म गुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोविड वैक्सीन की एहतियाती डोज ( प्रीकाशन ) डोज को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. एस0पी0 तिवारी ने धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने-अपने धर्म के लोगों और अपने अनुयायियों और परिचितों को ज्यादा से ज्यादा कोविड टीकाकरण के प्रति प्रेरित करें और जो इनकार परिवार के लोग हैं, उनको भी जागरूक उनका टीकाकरण कराएं। जिससे कि कोविड टीकाकरण को और भी मजबूत किया जा सके और हर वर्ग मे शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मुकेश मातनहेलिया ने कहा कि सरकार की मंशा समाज के सभी वर्गों के लोगों में कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाना है। कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिन संस्थाओं का सहयोग मिल रहा है, उनमें से सेव द चिल्ड्रन संस्था की भूमिका काफी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। इस मौके पर उन्होंने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वालों से कोरोना वायरस और कोविड 19 संक्रमण से संबंधित विभिन्न मिथकों पर जानकारी दी। व द चिल्ड्रेन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ला ने कोविड वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक का उद्देश्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है, । उन्होंने बताया कि हमारी संस्था ने कोविड वैक्सीन के प्रति जागरूकता फैला रही।उन्होने बताया कि जिले में अब तक 9.76 लाख लोगों को कोविड की पहली डोज लगाई जा चुकी है। जिसमें से 9.06 लाख लोगों को दूसरी डोज भी लगाई जा चुकी है। इसके अलावा 1.09 लाख लोगों को एहतियाती डोज ( प्रीकाशन ) डोज लगाई जा चुकी है।इस अवसर पर एसीएमओ ( आरसीएच ) डॉ0 उदयनाथ, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप सहित यूनीसेफ, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 25 लीटर कच्ची शराब बरामद



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेश के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 बलराम सिंह एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 नामवर सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना सिरसिया के अंतर्गत ग्राम चिड़ीमार पुरवा, बगही, बदलपुर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मौके पर 120 किलोग्राम लहन नष्ट की गई, एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अमर शहीद महावीर सिंह राठौर की जयंती

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने जीटी रोड स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया। जिसमें अमर शहीद महावीर सिंह राठौर की जयंती 16 सितंबर को मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संगठन जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी ने कहा कि शहीद महावीर सिंह ने देश आजादी के लिए अपने प्राणों को हंसते हुए न्यौछावर कर दिया था। ऐसे अमर शहीद को अमृत महोत्सव के अवसर पर याद करना गौरव की बात है। इस अवसर पर रक्षपाल सिंह राठौर, संतोष चौहान, बबलू चौहान, देवेंद्र सोलंकी आदि लोग मौजूद रहे।

# मझोली मलिन बस्ती, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझोली, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय मुरादाबाद तथा मैनाठेर स्थित कान्हा गौशाला का किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग एवं प्रभारी मंत्री मुरादाबाद उ0प्र0 श्री धर्मपाल सिंह जी एवं श्रीमती गुलाब देवी जी मा0 राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा ने आज मंगूपुरा में स्कूल एवं आंगनवाडी केन्द्र, मझोली मलिन बस्ती, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझोली, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय मुरादाबाद तथा मैनाठेर स्थित कान्हा गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग एवं प्रभारी मंत्री मुरादाबाद उ0प्र0 श्री धर्मपाल सिंह जी ने कम्पोजिट विद्यालय मंगूपुरा का निरीक्षण किया तथा कक्षों में जाकर छात्र/छात्राओं से प्रधानाध्यापक के नाम के बारे में पूछा और श्यामपट्ट पर अक्षर लिखकर बच्चों से उनके ज्ञान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से ग्राम प्रधान का नाम तथा जिलाधिकारी का नाम भी पूछा। मा0 मंत्री ने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन मंजन एवं स्नान करके विद्यालय आये। मा0 मंत्री जी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगूपुरा में कक्षा 6 एवं 8 में पहुंचकर बच्चों से कालेज में होने वाली प्रार्थना के बारे में जानकारी ली और बच्चों से राष्ट्रगान भी सुना तथा ज्ञानवर्धक प्रश्न भी किए। पानी के महत्व के बारे में भी मंत्री जी ने बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने पीएम, सीएम, डीएम तथा एसएसपी के नामों को भी कक्षा 8 के छात्रों से पूछा। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रतिदिन सूर्य निकलने से पहले उठे। सवेरा उठने पर भारी मात्रा में हमे आक्सीजन प्राप्त होती है सभी बच्चे मन लगाकर पढ़े और जीवन में सफल बनें।

मा0 मंत्री जी ने मंगूपुरा के आंगनवाडी केन्द्र प्रथम एवं द्वितीय में पहुंचकर जिला कार्यक्रम अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा कुपोषित बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबन्धन के निर्देश दिये। मा0 मंत्री जी ने गोद भराई एवं अन्नाप्रासन्न कार्यक्रम के अर्न्तगत 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को फलों की डलियां वितरित कीं। मलिन बस्ती मझोली में पहुंचकर मा0 मंत्री जी ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा गंदगी मिलने पर और बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई भी करने के निर्देश नगर निगम को दिए। बस्ती के लोगों के द्वारा खराब पानी आने की शिकायत पर मा0 मंत्री जी ने ठीक प्रकार से साफ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश नगर निगम को दिये। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझोली में पहुंचकर प्रभारी मंत्री ने चिकित्सा अधिकारी कक्ष में ओ0पी0डी0 के मरीजों की जानकारी ली और उपचार हेतु दी जाने वाली दवाई के संबंध में भी जाना। उन्होंने अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा दवा स्टाक कक्ष में पहुंचकर उपलब्ध दवाईयां एवं स्टाक रजिस्टर को देखा। श्री सुशील कुमार फार्मासिस्ट से पूछा की किसी दवाई की कमी तो नही है। मा0 मंत्री जी द्वारा उपस्थित पंजिका का भी अवलोकन किया गया। मा0 प्रभारी मंत्री ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय मुरादाबाद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रधानाध्यापक से बच्चों की उपस्थिति एवं रजिस्टेउशन के संबंध में जानकारी उपलब्ध करते हुए कहा कि यहां पर बच्चों को क्या-क्या सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रधानाचार्य ने बताया कि किताबें, डेउस, भोजन, नाश्ता तथा रहने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। मा0 मंत्री जी ने खाने एव नाश्ते में दिए जाने वाली खाद्य सामग्री के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए गुणवत्तायुक्त खाना छात्रों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संस्थान में टी.वी. नही होने की जानकारी पर मा0 मंत्री जी ने टी.वी. लगवाने के निर्देश दिये। मा0 मंत्री ने बच्चों से पूछा कि संस्कृति एवं संस्कृत में क्या अन्तर है, भाषायें कितनी होती हैं। उन्होंने अध्यापकों को निर्देशित किया कि अग्रेंजी विषय पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने अध्यापकों का हमेशा सम्मान करें और मन लगाकर पढ़े। उन्होंने अध्यापकों से भी कहा कि बच्चे देश की धरोहर है बच्चों का भविष्य आपको हाथों में हैं। अतः बच्चों को संवारने एवं मांझने का कार्य आपका होता है, अतः बच्चों को प्रथम श्रेणी का नागरिक बनायें। मा0 प्रभारी मंत्री ने नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा गौशाला मैनाठेर का स्थलीय निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि पशुओं की ठीक प्रकार से देखभाल की जाये तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मेल पशुओं से गाडी के द्वारा छोटा-मोटा कार्य भी लेते रहें। मा0 मंत्री ने वहां पर स्थापित गोबर यूनिट प्रोसेसिंग को भी देखा तथा तैयार खाद के बारे में नगर आयुक्त से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, एसपी सिटी श्री अखिलेश भदोरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुरादाबाद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु मेडिकल कालेज की भी स्थापना की जायेगी-प्रभारी मंत्री

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग एवं प्रभारी मंत्री मुरादाबाद उ0प्र0 श्री धर्मपाल सिंह जी ने आज सर्किट हाउस सभागार मुरादाबाद में विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मा0 मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी विद्युत से संबंधित समस्यायें हैं उनका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथ जर्जर तारों को भी बदला जाये। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर जहां सड़कों में गड्ढें हों उन्हें तत्काल दुरस्त करा लिया जायें। मा0 मंत्री ने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि पुलिस का सहयोग लेकर अवैध शराब पर नियंत्रण लगाये। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्शन प्लान प्रभावी बनायें और समन्वय के साथ कार्य करें। मौलिक अधिकारों का अनुपालन करें। सब मिलकर नागरिकों को बेहतर सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध करायें। शत्रु सम्पत्ति को भी देखें कि उसका क्या उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद को मेडिकल कालेज दिया जायेगा इसके लिए जिलाधिकारी 30 एकड़ जमीन सड़क के किनारे उपलब्ध कराने की रुपरेखा बनाकर तैयार रखें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र के प्लान के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित करें। मा0 मंत्री जी ने बताया कि घंटी बजाओ प्रवेश पाओ इससे प्राइमरी स्कूल में दाखिले बढेंगे व उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षा पर भरपूर जोर दें इससे बच्चों का आधार मजबूत होगा। मा0 मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर किया जाये , इसमें कोई कोताही न वरती जाये। मंत्री जी ने पशुओं में फैलने वाली लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) रोग के संबंध में बताया कि पशुओं को टीकाकरण किया जाये व इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। सभी गौ आश्रय स्थलों पर भूसा, चारा, पानी व छाया की समुचित व्यवस्था हो। पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कोई भी फरियादी यदि एफआईआर दर्ज कराने जाये तो उसकी एफआईआर दर्ज अवश्य की जाये। गर्ल्स कालिजों के आस-पास पुलिस फोर्स मुस्तैद रहें। सही आदमी का किसी भी दशा में उत्पीडन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि एससी एसटी एक्ट के मामलों में जांच कर उचित कार्यवाही की जायें तथा प्रयास करें फर्जी मुकदमें दर्ज न हो पाये। भी विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने बताया कि सबका बेहतर स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा हो, मुख्यमंत्री जी की भावना का सम्मान रखते हुए मुरादाबाद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु मेडिकल कालेज की भी स्थापना की जायेगी।




www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Hanging truth of corruption

Are the ongoing raids in many parts of the country in the wake of corruption and scams, a prelude to a decisive battle against corruption? Are our investigative agencies completely autonomous and not given any 'political directions'? If autonomous, why do criminal and serious cases hang on for 10-15 years? Sometime some concrete reason should be presented in front of the country. All the actions have been done in the dark caves. Why do agencies and invisible powers seem 'vindictive' in the context of various cases or do such allegations of the opposition seem convincing? Take for example. Lalu Prasad Yadav was the Railway Minister in the Congress-led UPA government-1. He provided temporary Group-D jobs in 6 zones of railways to 12 applicants from Bihar. No advertisement was printed and no exam was conducted. Direct appointment was made. Later they were also made permanent employees. There were serious allegations against the then Railway Minister that instead of giving them jobs, they bought land at throwaway prices. Such disputed lands are registered in the names of Lalu's wife Rabri Devi, his daughters Misa Bharti and Hema Yadav. This case of 2008-09 was registered by CBI in 2021 for preliminary investigation.“Whatever be the reasons, but till date this case has not reached any legal conclusion and no punitive action has been taken against the accused. Lalu Yadav went to jail for the first time in 1997 in a scam. At that time there was a United Front government at the Centre. The Prime Minister may have been Deve Gowda or IK Gujral, but despite being a part of the front, Lalu had to go to jail. After that the court convicted Lalu in the fodder scam. He kept going to jail, staying in hospitals and coming out on bail. The question is, why criminal or scam cases are dragged for so long and why political interference is clearly visible in them? Now news is coming that the sword of illegal mining scam of Rs 100 crore is hanging on Jharkhand Chief Minister Hemant Soren. Under the liquor policy in the Delhi government, the CBI has raided the residence of Deputy Chief Minister Manish Sisodia and twenty other places in the scam. Delhi's Health Minister Satyendar Jain has been in jail since May in ED cases. Mountains of cash and gold etc. were recovered in respect of Partha Chatterjee, who was a senior minister in the Bengal government. Both CBI and ED are investigating separately. Will that case also reach any conclusion or will it be forgotten with the passage of time? Bihar Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav is accused of owning 53 properties. The person who did not have a job worth lakhs of rupees in the corporate and has no industrial heritage in his name, so the question on such wealth is natural. This is probably not a common case. When will the investigating agencies bring the half-hanging truths of corruption to the final reality? Top officers like IAS and IPS are also imprisoned in corruption cases and recovery of crores of cash. There was a time when petty scams against some BJP leaders were in the news. Then these leaders were in Congress or any other opposition party. Why are CBI and ED suddenly silent and inactive against him? The country now wants this clarification as well.

# On leaving Anupamaa, actor Paras Kalnavat said- 'Now I will be seen in another big show'

Serial Anupama is the biggest TV show at the moment. Its characters have made a special place in the hearts of the fans. The audience feels connected to each and every artist. In such a situation, if someone says goodbye to the show, then there is a big setback for the audience. Actor Paras Kalnavat, who played the role of Samar in Anupama, left the show. Sagar Parekh is now seen in his place. After being out of the show, there was a rift between the makers of Paras and Anupama. Paras will now be seen in the dance reality show Jhalak Dikhhla Jaa 10. Paras told the fans that except one big show, now he is going to be seen in another big show. Paras considers himself a competition- Talking to The Times of India, Paras said, 'I am not thinking about the bygone days. I have left a huge show like Anupama and I am a part of a dance show. I feel luck has chosen me to participate in Jhalak... The platform, the contest, every step, everything will be new for me. I don't see this platform as winning but my competition here is with myself, I see myself as growing from the first episode to the end.' has lost weight. He says, “I had gained weight when I was doing Anupama. Fitness has been my priority for the last few months. I worked hard in the gym for 2 hours. Along with this kept low carb diet. I have lost about 7-8 kgs in 6 months. It has helped me in dance rehearsals.



# Surbhi Jyoti showed killer looks in white bikini, it was difficult to take her eyes off

TV's bold, stylish and beautiful actress Surbhi Jyoti is in a vacation mood these days. The actress is spending a relaxing moment in Maldives away from the crowd of Mumbai, a glimpse of which she shared on her Instagram. Shortly before, Surbhi shared her bikini photos. In these latest pictures of Surbhi Jyoti, you can see that Surbhi Jyoti in white bikini is robbing the gathering with her killer style. These photos of Surbhi Jyoti are being liked a lot on social media. In the pictures, Surbhi Jyoti is seen sunbathing on the seashore. Fans have become crazy about this hot look of Surbhi Jyoti. Surbhi Jyoti is away from the screen but remains in the discussion by sharing her hot pictures and videos on Instagram. Surbhi breathes life into whatever outfits she wears. From above, her glowing skin adds to her beauty even more. Surbhi regularly goes to the gym, does yoga to keep herself fit. This is not the first time that Surbhi Jyoti has appeared in a bikini look, even before this Surbhi has done this amazing. It is known that Surbhi Jyoti has worked in many TV Cyrills till now, she entered the Hindi TV industry in the year 2012 through the TV show Kabul Hai. In this show, the actress played the character of Zoya Farooqui, in which her style was highly praised. For many years, Surbhi was known as Zoya. After this show, he has worked in many shows like Naagin, Tanhaiyan. Surbhi Jyoti has also appeared as a lead actress in films like Saath Kya Meri Naam Sonam Gupta Webfa Hai.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


# तहसील अलीगंज क्षेत्र मे प्रधान पद के चुनाव में हार जीत का खेल - रिट की सुनवाई मे पूरी तरह हो गया फेल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पूर्व की मतगणना में की गई धांधली का पर्दाफाश 12 वोट जो निरस्त हुए थे उन्हें जीत में सामिल कर फर्जी तरीके से प्रधान की कर दी गई थी जीत पक्की रिट की सुनवाई में एसडीएम के न्यायालय से एक एक वोट की पुनः मतगणना में फर्जीकरण का हुआ खुलासा - हारे हुए प्रधान पद के प्रत्याशी रीता को किया गया विजई घोषित अलीगंज /एटा। ग्राम पंचायत चुनाव में भ्रष्टाचार के माध्यम से की गई धांधली का पर्दाफाश उसी वक्त हो गया था। लेकिन आज न्याय की लड़ाई हारे हुए प्रत्याशी के पक्ष में उस समय खड़ी दिखाई दी, जब पुनर मतगणना के दौरान न्यायालय एसडीएम अलीगंज के कक्ष में मतगणना प्रारंभ हुई उस दौरान पूर्व



की मतगणना में किए गए हेरफेर की पोल खुलने से नहीं बच सकी, और निरस्त वोटो की संख्या विजई प्रत्याशी के पक्ष में जोड़ देने से फर्जी करण के माध्यम से चुने गए प्रधान की पोल भी खुल गई। कुल मिलाकर वारह वह वोट पकड़ में आ गये जो निरस्त वोटो की गिनती में गिने जाने चाहिए लेकिन उस समय की मतगणना अधिकारी ने मनमाने तरीका से विजई घोषित की गई प्रधान पद की प्रत्याशी कविता पत्नी देवेंद्र सिंह कश्यप के नाम में जोड़ दिया और कविता को गलत तरीके से विजई घोषित कर दिया गया। आज हुई पुनर्मतगणना में बे 12 वोट निरस्त होने के कारण कविता के पक्ष से हटा दिया गये, जिसकी वजह से कविता के पक्ष मात्र 200 वोट ही गिनती में आ सके। इसी पूर्व में परास्त कराई गई रीता पत्नी रविंद्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत गेवर अब्दुल्ला पुर, तहसील अलीगंज,एटा के वोटों की संख्या 208 वोट की गिनती बनी रही, जिसके चलते पूर्व में परास्त कराई गई रीता को 8 वोट से विजई घोषित कर दिया गया। रीता के पक्ष से रिट दायर करने वाले अलीगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अम्बरीष सिंह राठौर ने कानूनी दांवपेच के चलते एक- एक वोट की मतगणना कराने में कामयाबी हासिल की, जिसकी वजह से उनके क्लाइंट को प्रधान पद में विजई होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वही पूर्व में सांठगांठ के जरिए जिताई गई कविता को मात्र 200 वोट पर संतोष करके हार का मुंह देखना पड़ा है। कविता की ओर से एटा से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अरुण सोलंकी तथा अलीगंज तहसील के अधिवक्ता श्री ओम हरि सक्सेना द्वारा की गई थी। लेकिन इन अधिवक्ताओं के कानूनी तर्क श्री राठौर की तर्कों के आगे टिक नहीं सके और अंततोगत्वा सत्य की जीत हुई तथा असत्य ध्वस्त होने से बच नहीं सका।

# संदिग्ध बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- थाना प्रभारी निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी, थाना पेंड्रा को मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति गहरा हरा पट्टी दार टी शर्ट महूआ भूरा फूल पेंट पहना है नया बस स्टैंड पेण्ड्रा में एक काले रंग की हीरो पैसन प्रो मोटर सायकल लेकर संदिग्ध हालात में खडा है कि सूचना पर थाना प्रभारी थाना पेंड्रा द्वारा तत्काल मामला संज्ञान में लेकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तथा थाना के स्टाफ आरक्षक एवं गवाहान के मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये अनुसार व्यक्ति को घेरा बंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम रमेश कुमार भरिया पिता रतन सिंह उर्फ रतन भरिया उम्र 32 वर्ष निवासी सधवानी देवराज टोला थाना गौरेला का होगा बताया जिसके कब्जे से एक काले रंग की पैसन प्रो. मोटर सायकल जिसके नम्बर प्लेट पर एम.पी 18 एमडी 4006 चेचिस नम्बर रूक्करु‖ 10 श्वङ्खष्टत्रष्ठ17753 दमन नम्बर ‖स्हश्वष्ठ क्त्नष्ठ4008 मिला उक्त मोटर सायकल के संका में रमेश भरिया को धारा 91 जा फौ का नोटिस देकर कागजात पेश करने हेतु कहा गया जो अपने पास कोई कागजात नहीं होना बताया कि उक्त मोटर सायकल को चोरी के सम्पत्ती होने के संदेह पर धारा 41( 1-4 ) जाफी / 379 भादवि के अंतर्गत जप्त कर आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को आज दिनांक 29.08.2022 को विधिवत गिरफ्तार



किया गया है। जप्त सुदा मोटर सायकल के वाहन स्वामी की पतासाजी किया जाना है विवेचना जारी है ।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करायी तीन झोलाछाप पर एफआईआर , हडकंप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सोमवार को जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल व सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने जैथरा क्षेत्र में तीन लोगों पर बिना किसी डिग्री डिप्लोमा के अवैध चिकित्सा व्यवसाय करने पर थाना जैथरा में एफआईआर दर्ज करायी है ! जिन लोगों पर स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट करायी है उनमें ग्राम नगला खिरिया का अरविन्द प्रमुख है जिसका क्लीनिक पिछली बार सील किया गया था उसके बाद भी वह सीनाजोरी से सील किये गये

क्लीनिक के बगल में अवैध चिकित्सा व्यवसाय कर रहा था ! इसी क्रम में झोलाछाप राघवेन्द्र सिहं पुत्र देवेन्द्र सिहं निवासी ग्राम नगला ढाक जो अवैध कृष्णा पैथलॉजी का संचालन कर रहा था उस सहित कुरावली रोड पर संचालित फर्जी क्लीनिक के झोलाछाप इकरार अली पुत्र मेहंदी हसन के विरूद्द सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है ! आज हुई कार्यवाही से झोलाछाप में हडकंप का माहौल है

# एम्बूलेंस की पिकअप से हुई भिड़ंत एक की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मरीज को लेकर जाते समय 108 एंबुलेंस की मैक्स पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर लगने एंबुलेंस सवार एक की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। पिकअप सवार भी तीन लोग घायल हुए है। हादसा सुबह करीब चार बजे हुआ है।

जलेसर क्षेत्र के गांव रेजुआ निवासी पुष्पेन्द्र ( 24 ) पुत्र रामसनेही के पेट में दर्द था और पहले से भी तबियत खराब थी। जिन्हें दिखाने के लिए मां, पिता, एक अन्य के साथ मेडिकल कॉलेज आए थे हालत में सुधार न देख आगरा रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस पुष्पेन्द्र, मां सिमरा देवी पत्नी रामसनेही, पिता रामसनेही, जुगराज के साथ आगरा लेकर जा रहे थे। कोतवाली देहात के गांव अमरगोजिया के पास पहुंचे। वहीं पर मैक्स पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से चारों घायलों को आगरा रेफर कर दिया। राकेश निवासी महमूदनगर सुन्नगढ़ी जनपद कासगंज, विजेन्द्र निवासी नीलगढ़ी अतरौली जनपद अलीगढ़ घायल हो गए। दोनों घायल एंबुलेंस में बैठे बताए गए हैं। आगरा में उपचार के दौरान पुष्पेन्द्र की मौत हो गई। पिकअप सवार चालक संदेश निवासी गंजडुंडवारा कासगंज भी घायल हुआ है।

# सील अपंजीकृत क्लीनिक में बुखार पीड़ित बच्चे की हालत बिगड़ी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जैथरा नगर के मोहल्ला बढ़ैयान स्थित सील अपंजीकृत क्लीनिक में रविवार को गलत उपचार से बुखार पीड़ित बच्चे की हालत बिगड़ गई। जहां से परिजन पीएचसी जैथरा ले गए। बच्चे की हालत खराब देखते हुए चिकित्सकों ने उसको एटा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां से भी हालत गंभीर देखते हुए उसको आगरा भेजा गया है। एटा मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में मौजूद बुखार पीड़ित 11 वर्षीय आकाश निवासी नगला सुमरित के पिता राजेन्द्र और मां मीरा ने बताया कि उनके पुत्र को पांच दिन से बुखार आ रहा था। जिस पर वह जैथरा में मोहल्ला बढ़ैयान स्थित डा. अरविंद के यहां बच्चा का उपचार करा रहे थे। रविवार सुबह तेज बुखार होने पर उसको लेकर आए। जहां डाक्टर ने पहले पट्टी रखवाकर उसका बुखार कम किया। उसके बाद गोली और इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाये जाने के बाद ही बच्चे की हालत बिगड़ गई। इमरजेंसी में बच्चे का ऑक्सीजन लेबल कम आ रहा था। जिस पर उसको ऑक्सीजन लगायी गई। उसके बाद हालत गंभीर देखते हुए उसको आगरा रेफर कर दिया गया।

# ई-कोर्ट ऐप से घर बैठे कर सकेंगे न्यायालय कार्रवाई की जानकारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिले की तहसील अलीगंज सभागार में अपर जिला जज रामबाबू यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय ई कोर्ट कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में ई-कोर्ट सुविधाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अपर जिला जज रामबाबू यादव ने बताया कि पूरे देश के न्यायालय संबंधी जितने भी मुकदमे, मुकदमों से संबंधित कार्रवाई ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। जिससे बार-बार न्यायालय तक आने-जाने का समय-खर्चा भी बचेगा। साथ ही सुविधा भी मिलेगी। अपर जिला जज की मौजूदगी में तहसील सभागार में अधिवक्ताओं, लिपिकों को ईकोर्ट सुविधाओं के बारे में बताया गया। वासुदेव सिंह, संजीव कुमार राजपूत एडवोकेट, अनुपम पांडे, सुमित शाक्य, सारिक अली, दिनेश यादव, अर्जुन दुबे, शंभू मिश्रा, तहसीलदार राकेश कुमार एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# दो अलग-अलग मामले में 120 नग नशीली इंजेक्शन, 47 नग कफ सिरप सहित 2 गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। थाना सूरजपुर की पुलिस ने दो अलग-अलग मामले 60 हजार रूपये कीमत के 120 नग नशीली इंजेक्शन एवं 47 नग कफ सिरप जप्त कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार, 28 अगस्त को कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि महुआपारा सूरजपुर निवासी मनीष साहू नशीली कफ सिरप लेकर मोटर सायकल में बिक्री करने जेलपारा शिवपार्क के पास ग्राहक की तलाश कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित मनीष साहू पिता स्व. संजय साहू, उम्र 21 वर्ष निवासी महुआपारा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से नशीली कफ सिरप फेनसाइरेक्स 47 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत 30 हजार रूपये है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21( सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, प्रधान आरक्षक मोहम्मत तालिब शेख, विवेकानंद सिंह, आरक्षक रामकुमार नायक, लक्ष्मी नारायण मिर्रे व बृजभवन कंवर सक्रिय रहे। वहीं दूसरे मामले में सोमवार, 29 अगस्त को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि जेलपारा निवासी जितेन्द्र शुक्ला काफी मात्रा में नशीली इंजेक्शन रखा है और बिक्री करने के लिए माताकर्मा चौक के पास ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर जितेन्द्र शुक्ला पिता स्व. गरीब शुक्ला उम्र 27 वर्ष निवासी जेलपारा सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से नशीली इंजेक्शन एविल 60 नग, ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन 45 नग, लिजेसिक इंजेक्शन 15 नग कुल 120 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत 30 हजार रूपये है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21( बी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। तालिब शेख, महिला प्रधान आरक्षक प्रमिला आडिल्य, आरक्षक रामकुमार नायक, लक्ष्मी नारायण मिर्रे व बृजभवन कंवर सक्रिय रहे।

# शक्कर कारखाना से लोहे का स्क्रैप चोरी मामले में 2 गिरफ्तार, चौकी खड़गवां पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शक्कर कारखाना केरता का मुनीर अंसारी ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे तेजू टोप्पो एवं उसके एक साथी के द्वारा शक्कर कारखाना के बाउंड्री के अंदर रखा हुआ लोहे का स्क्रैप करीब 3 क्विंटल को चोरी कर ले गए हैं, रिपोर्ट पर धारा 380, 34 भा.द.सं. का मामला पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस के द्वारा मामले के आरोपी तेजू टोप्पो पिता दामोदर टोप्पो उम्र 21 वर्ष निवासी जगरनाथपुर एवं 1 विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 3 क्विंटल लोहे का सामान कीमत 7500/- रूपये का जप्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंह, प्रधान आरक्षक संजय यादव, आरक्षक श्याम सिंह व अमरेन्द्र दुबे सक्रिय रहे।

# खेल दिवस पर जिला स्तरीय मैराथन का आयोजन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आज खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में खेल और शिक्षा विभाग के समन्वय से जिला स्तरीय मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन पेंड्रा के फिजिकल कॉलेज मैदान से शुरू होकर सिमरा तिराहा तक और इसी रूट में वापस आया। लगभग 10 किलोमीटर मैराथन का शुभारंभ अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पूर्ति ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ में कुल 610 धावकों ने भाग लिया और सम्मिलित हुए इस अवसर पर नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालान, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, अनुविभागीय आधिकारी राजस्व पेंड्रा रोड श्री पुष्पेंद्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा सहित बड़ी संख्या में धावक, अधिकारी-कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 102 kg गांजा और मारुति के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही श्री आई कल्याण ऐलिसेला* द्वारा जिले मे नशे के कारोबार करने वाले अपराधियो पर नजर रखने तथा गांजा तस्करो के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने का निर्देश दिए गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के नेतृत्व मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्ग दर्शन मे अवैध मादक पदार्थ के के विरुद्ध अभियान के दौरान दिनांक 28.08.2022 को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि उड़ीसा से बिलासपुर रतनपुर केंदा पेण्ड्रा मुख्य मेन रोड मार्ग से दो वाहन कार क्रमांक MP-65-C-3833 मारूती सेलेरियो एवं कार क्रमांक CG-14- रूक्त-4040 मारूति सुजूकी मे अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर वेंकटनगर मप्र लेकर जा रहे है, आरोपी के कब्जे से 102 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 10,20,000/रू एवं वाहन सेलेरियो कार कीमती 5,00,000/रू व मारूति XL-6 कीमती 12,00,000 व एक VIVO कम्पनी का मोबाईल फोन कीमती 5000/रू नगदी रकम 600 कुल जुमला कीमती 27,25,600 को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया है ।

# कर्मचारी अधिकारी अवकाश के दिन भी डटे रहे आंदोलन में



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के आंदोलन का आज सातवां दिन है। शासन के रुख से हड़ताली कर्मचारियों में निराशा है। पिछले एक सप्ताह से धरना पंडाल में कर्मचारी नेता जमकर भड़ास निकाल रहे है।

34 फीसदी महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान पर गृहभाड़ा की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बैनर तले प्रदेश के लगभग 4 लाख कर्मचारी अधिकारी 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है। पिछले दो चरणों को मिलाकर 11-12 दिन आंदोलन को हो गई है लेकिन अभी तक सरकार कर्मचारियों के मांगों और आंदोलन को समाप्त करवाने के सम्बन्ध में कोई पहल नहीं कर रही जो निराशाजनक है।छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने कहा कि अभी तक प्रदेश के समस्त कर्मचारी और अधिकारियों के द्वारा दो चरणों में 12 दिन आंदोलन करते हो गया है , जिससे सरकार को भी आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है। इतने दिन के आंदोलन में राज्य सरकार को जो आर्थिक हानि हुई है उनसे तो कर्मचारियों की मांग भी पूरी हो जाती। राजधानी रायपुर - साथ पुरे प्रदेश के तहसील , ब्लाक एवं जिला मुख्यालय में आंदोलन जारी है। अवकाश के दिनों में भी कर्मचारियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

# एसडीओपी ओड़गी ने थाना झिलमिली का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने थाना झिलमिली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनते हुए उसका निराकरण किया तथा उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में किए गए अर्द्धवार्षिक निरीक्षण में एसडीओपी ओड़गी आज सुबह झिलमिली थाना पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के वेश-भूषा का निरीक्षण किया तथा अच्छे वेश-भूषा पर कई पुलिस कर्मचारियों को पुरस्कृत करने अग्रिम कार्यवाही किया। थाना भवन, प्रधान आरक्षक कक्ष, विवेचक कक्ष व मालखाना का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने थाने में अभिलेखों एवं उपकरणों का निरीक्षण कर थाने के सीसीटीवी कैमरों के सुचारु रूप से संचालन हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित सभी पुलिसकर्मी बिल्कुल अप टु डेट पाए गए। एसडीओपी श्री जोशी ने थाना पहुंचने के बाद बारी-बारी से थाना के सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों की गहन छानबीन की। जांच में सभी की स्थिति संतोषजनक पाई गई। पुलिस कर्मियों को स्वयं व परिजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने ताकि जब कर्मचारी स्वयं स्वस्थ्य रहेंगे तभी वह सौंपे गये कार्यो का निर्वहन अच्छे से कर सकेंगे। आम जनता पुलिस से आशा करती है कि उनके समस्याओं का निराकरण समय पर हो इसलिये सभी को शत-प्रतिशत लगन एवं मेहनत से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी चेन्द्रा लवकुमार पाण्डेय सहित थाना व चौकी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।